पत्नी का पढ़ना-लिखना, नौकरी करना हक है, पति का एहसान नहीं

झारखंड उच्च न्यायालय की युगल पीठ, मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम. एस. शोनक एवं न्यायमूर्ति मनोज प्रसाद ने एक्स बनाम वाय की याचिका में निर्णय दिया है कि पत्नी का पढ़ना, उच्च अध्ययन करना और नौकरी करना उसका हक है, पति का एहसान नहीं है।



जी. के. छिब्बर

याचिका के अनुसार, विवाह के उपरांत 2004 में एक बेटी का जन्म हुआ। बाद में पति-पत्नी के वैवाहिक रिश्तों में दरार उत्पन्न हो गई। पत्नी ने पति पर दहेज की मांग, मानसिक उत्पीड़न, वित्तीय सहयोग न करने और नौकरी छोड़ने के लिए कहने के आरोप लगाए। इस आधार पर पत्नी ने हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13(1)(i-a) के तहत क्रूरता के आधार पर तलाक मांगा। पति का कहना था कि उसने पत्नी के अध्ययन में सहयोग दिया है, आर्थिक सहयोग भी दे रहा था और बेटी की देखभाल भी कर रहा है। पत्नी अति महत्वाकांक्षी है, इसलिए विवाह विच्छेद करना चाहती है।

परिवार न्यायालय ने पत्नी का तलाक आवेदन खारिज कर दिया। परिवार न्यायालय का निर्णय काफी हद तक पारंपरिक था। परिवार न्यायालय ने कहा कि पत्नी अति महत्वाकांक्षी है, पढ़ाई और नौकरी करना चाहती है, लेकिन तलाक की कोई स्थिति नहीं है। पत्नी ने परिवार न्यायालय के निर्णय को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। उच्च न्यायालय की युगल पीठ ने निर्णय में कहा कि शादी के बाद उच्च शिक्षा प्राप्त करना या नौकरी करना पत्नी का अधिकार है। पति द्वारा दिया गया सहयोग कोई एहसान या रियायत नहीं है। पत्नी को महत्वाकांक्षी बताकर क्रूरता को जायज नहीं ठहराया जा सकता। पति पढ़े-लिखे और नौकरी करे तो सामान्य, लेकिन पत्नी ऐसा करे तो उसे अति महत्वाकांक्षी कहना रूढ़िवादी धारणा है।

उच्च न्यायालय ने परिवार न्यायालय का फैसला निरस्त किया और पत्नी को क्रूरता के आधार पर तलाक की डिक्री दी।

इज्तिमा में पानी की खपत 30 प्रतिशत घटाने का लक्ष्य

4 से 7 दिसंबर तक ईंटखेड़ी में जुटेंगे जायरीन, दुकानों के लिए 14 और 15 नवंबर को आवेदन, लॉटरी से होगा आवंटन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः राजधानी के ईंटखेड़ी में 4 से 7 दिसंबर तक आयोजित होने वाले 79वें आलमी तब्लीगी इज्तिमा की तैयारियां तेज हो गई हैं। आयोजन में देशभर से बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन, पुलिस, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और बिजली विभाग की टीमें इंतजामिया कमेटी के साथ व्यवस्थाएं जुटा रही हैं।

इज्तिमागाह में पंडाल लगाने, पेयजल के लिए पाइपलाइन बिछाने, शौचालय और स्नानगृह बनाने के साथ पहुंच मार्गों को दुरुस्त किया जा रहा है। इस बार जल संरक्षण को मुख्य संदेश बनाया गया है। कमेटी ने पिछले आयोजनों की तुलना में पानी की खपत 30 प्रतिशत तक घटाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए वुजू स्थलों पर पानी की बर्बादी रोकने और पाइपलाइनों के रिसाव पर नियंत्रण के साथ जायरीन को जागरूक किया जाएगा।

आयोजन के दौरान वाहनों में खराबी आने पर निःशुल्क सहायता के लिए मैकेनिकल जमात तैनात रहेगी। यह जमात वाहनों की तकनीकी खराबी दूर करने में मदद करेगी। इज्तिमा परिसर में अस्थायी दुकानें लगाने के लिए 14 और 15 नवंबर को आवेदन लिए जाएंगे। इच्छुक आवेदक सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आवेदन कर सकेंगे। दुकानों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होगा।

तेज रफ्तार ट्रेनों की सुरक्षा के लिए खंडवा से बीना तक बनेगी फेंसिंग

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने ट्रेनों के सुरक्षित संचालन और रेलवे ट्रैक पर मवेशियों के आने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य शुरू किया है।

इसके तहत खंडवा से बीना तक 530 किलोमीटर लंबे रेलखंड के दोनों ओर सुरक्षा घेरा (फेंसिंग) लगाया जा रहा है। अब तक 74 किलोमीटर क्षेत्र में यह कार्य पूरा हो चुका है।

भोपाल मंडल के डीआरएम पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्य में खंडवा-इटारसी रेलखंड पर 49 किलोमीटर, इटारसी-भोपाल रेलखंड पर चार किलोमीटर और भोपाल-बीना रेलखंड पर 21 किलोमीटर फेंसिंग की गई है। इस पर करीब 2.88 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। शेष कार्य मार्च 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है। बुधनी-बरखेड़ा घाट



सेक्शन में मवेशियों की सुरक्षित आवाजाही के लिए चार एनिमल ओवरपास भी बनाए गए हैं। इनमें तीन अप लाइन और एक मिडिल लाइन पर स्थित हैं। इनके माध्यम से मवेशियों को रेलवे ट्रैक पार करने के लिए सुरक्षित वैकल्पिक मार्ग मिलेगा।

इन कार्यों से भोपाल मंडल में 130 किलोमीटर प्रति घंटे और उससे अधिक गति से ट्रेनों का संचालन सुरक्षित एवं निर्बाध बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही संभावित दुर्घटनाओं, परिचालन में व्यवधान और रेलवे संपत्तियों को होने वाले नुकसान की आशंका कम होगी।

सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आधुनिक तकनीक और बेहतर आधारभूत संरचना के माध्यम से रेल परिचालन को सुरक्षित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में डॉ. विकास शेंडे ने किया मप्र का प्रतिनिधित्व



नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः नई दिल्ली में पारंपरिक ज्ञान के संचार एवं प्रसार पर आयोजित तृतीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. विकास शेंडे ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। सम्मेलन में देश-विदेश के करीब 300 शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने भाग लिया।

डॉ. शेंडे ने वैज्ञानिक सत्र के सह-अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी निभाई और मध्यप्रदेश के पारंपरिक ज्ञान पर शोधपत्र प्रस्तुत किया। इसमें जनजातीय ज्ञान के संरक्षण, वैज्ञानिक प्रमाणीकरण और डिजिटल दस्तावेजीकरण पर जोर दिया गया। उन्होंने औषधीय पौधों, जैव विविधता, कृषि, जल संरक्षण और पारंपरिक स्वास्थ्य पद्धतियों से जुड़े ज्ञान के संरक्षण तथा आधुनिक विज्ञान से समन्वय की आवश्यकता बताई।

मुख्यमंत्री ने स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर किया नमन

नप्र, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रमिकों और किसानों के अधिकार, उनके सम्मान और कल्याण को जीवन का ध्येय बनाने वाले, स्व. दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती पर उन्हें नमन किया। राष्ट्रहित, स्वदेशी विचार और सामाजिक समरसता के प्रति स्व. ठेंगड़ी का समर्पण अतुलनीय योगदान हम सबको सदैव प्रेरित करता रहेगा।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति सीहोर
जिला-सीहोर (म.प्र.)
क्र./मंडी/भू-भाटक/2026-27/2074 सीहोर, दिनांक : 10.11.2026

निविदा आमंत्रण सूचना द्वितीय

कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर हेतु ''अ'' श्रेणी मण्डी द्वारा ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत एक 10 मे.टन क्षमता के तौलकांटा की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026-MPSAM-548560-1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें दिनांक 12.11.2026 को 11:30 बजे से दिनांक 27.11.2026 को शाम 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।
नोट:- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।
म.प्र. माध्यम/129037/2026 **सचिव**

कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
प्रगति भवन प्रेस कॉम्प्लेक्स जोन-1
महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई.डी.नं. 0600770045, आवेदन क्रमांक-13673, आवेदन दिनांक-28/10/2026 क्रमांक 2417 / राजस्व / भोविप्रा /26 भोपाल दिनांक: 10/11/2026

आम सूचना

सर्वसाधारणं को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की कोहेफिजा योजना में स्थित भूखण्ड क्रमांक 45 सेक्टर-ए, जिसका उपयोग आवासीय है। श्री राम मनोहर सिंह आ. श्री निहाल सिंह के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री राम मनोहर सिंह का स्वर्गवास दिनांक: 07/05/2021 को हो जाने एवं आवंटी की पत्नि श्रीमती सुशीला बाई का भी स्वर्गवास दिनांक: 17/06/2025 को हो जाने के कारण आवंटी के वारिस पुत्रगण श्री संजय प्रताप सिंह एवं श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह के द्वारा आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड, के आधार पर तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है। उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत करे। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।
राजस्व अधिकारी
भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल
3087

न्यायालय तहसीलदार बीना, तहसील बीना जिला-सागर (म.प्र.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीकान्त विश्वकर्मा पिता रामसेवक विश्वकर्मा निवासी खिरिया वार्ड बीना तहसील बीना जिला सागर के द्वारा इस न्यायालय में प्र.क. 0762/अ-6/2026-27 विचाराधीन है। उक्त प्रकरण में भूमिस्वामी रामकिशन पिता दौलतराम विश्वकर्मा निवासी खिरिया वार्ड बीना तहसील बीना के द्वारा सर्वे नं. 17 रकवा 0.14 हे. स्थित ग्राम फुटेरा तहसील बीना की भूमि की वसीयत की है एवं उनकी मृत्यु दिनांक 24.12.2020 को हो गई है। अतएव मृतक खातेदार के स्थान पर प्रश्नाधीन उपरोक्त भूमि पर आवेदक/वसीयतगृहीता के नाम नामांतरण किये जाने हेतु प्रकरण विचाराधीन है। उक्त भूमि के वसीयत नामांतरण के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या किसी संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से सुनबाई दिनांक 19/11/2026 को या इसके पूर्व न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत करने पर आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा। जारी दिनांकः 10/11/26, पेशी दिनांकः 19/11/26

तहसीलदार,
बीना जिला सागर म.प्र.
AG

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री मयूर साहू, पिता श्री राजेन्द्र साहू, निवासी ए-314, न्यू मिनाल रेसिडेंसी, जे. के. रोड, भोपाल (म.प्र.) द्वारा ग्राम डोब, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (मध्यप्रदेश) स्थित निम्नलिखित कृषि भूमियों का क्रय करने का सौदा संबंधित भूमि स्वामियों के साथ आपसी सहमति से किया गया है। संपत्ति का विवरण निम्नानुसार है :- 1. श्री कमलेश माली, पिता श्री मोहन लाल माली, निवासी 124, रेलवे स्टेशन, 80 फीट रोड, महामाई का बाग, भोपाल (म.प्र.) की ग्राम डोब, तहसील हुजूर, जिला भोपाल स्थित कृषि भूमि :- खसरा नंबर 54 (एस), कुल रकबा 0.0800 हेक्टेयर। खसरा नंबर 62/2 (एस), कुल रकबा 0.7300 हेक्टेयर। 2. श्री प्रहलाद सिंह उर्फ मनोहर उर्फ ब्रह्ममोहन, पिता श्री शंकर लाल, निवासी साठे रेसा डेहरी, भोपाल (म.प्र.) की ग्राम डोब, तहसील हुजूर, जिला भोपाल स्थित कृषि भूमि :- खसरा नंबर 62/1 (एस), कुल रकबा 0.4000 हेक्टेयर। उपरोक्त समस्त भूमि का कुल रकबा 1.2100 हेक्टेयर है। अतः उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा अन्य पक्षकार का कोई स्वामित्व अधिकार, हक, हित, हिस्सा, बंधक, भार, ऋण, कुर्की, न्यायालयीन विवाद, पूर्व विक्रय अनुबंध, पावर ऑफ अटॉर्नी, वसीयत, उत्तराधिकार संबंधी दावा अथवा किसी भी प्रकार की अन्य आपत्ति हो, तो वह इस सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस के भीतर अपने समस्त मूल दस्तावेजों एवं प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी अधिवक्ता के कार्यालय में लिखित रूप से अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में यह माना जाएगा कि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी अन्य व्यक्ति द्वारा कोई दावा या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई है तथा मेरे पक्षकार नियमानुसार उक्त संपत्ति के क्रय एवं पंजीयन की आगामी विधिक कार्यवाही करने के लिए स्वतंत्र होंगे। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्तियों के संबंध में मेरे पक्षकार उत्तरदायी नहीं होंगे तथा विधि अनुसार उचित कार्यवाही करने का अधिकार सुरक्षित रखेंगे।

भवदीय **अजीत सिंह** (अधिवक्ता)
कार्या.: दु.नं. 154, 155, नेहरू मार्केट
बरखेड़ा भेल भोपाल (म.प्र.)
मो.नं.: 9826010266
3086

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं फ्लैट नं. 130, ब्लॉक ए, प्रथम तल, प्लॉट नं. 3ए, दीप गंगा अपार्टमेंट्स, सेक्टर 5ए, आई. आई.ई. सिडकुल, ग्राम रोशनाबाद, तहसील व जिला हरिद्वार, सुपर क्षेत्रफल 68.00 वर्गमीटर (उत्तर फ्लैट 128, दक्षिण फ्लैट 132, पूर्व फ्लैट 129, पश्चिम रोड) का मालिक व काबिज हूँ। इसका पंजीकृत उप-पट्टा विलेख, दस्तावेज संख्या 5560/5561 दिनांक 11-08-2011 (बही नं. 1, जिल्द 378, पृष्ठ 317-352, उप-निबंधक हरिद्वार-द्वितीय), जो सिडकुल एवं दिल्ली अपार्टमेंट्स प्रा. लि. द्वारा मेरे पक्ष में निष्पादित है, मूल रूप में मेरे पास है, सिवाय इसके अंतिम पृष्ठ (फ्लैट नं. 130 का संलग्न नक्शा) के, जो घर पर कहीं गुम हो गया है। उक्त गुम पृष्ठ का कोई भी प्रयोग अवैध होगा। इसकी रिपोर्ट थाना पिपलानी, भोपाल में जी.डी. नं. 29 दिनांक .11.2026 को दर्ज है।
मैं उक्त फ्लैट का एकमात्र मालिक व काबिज़ हूँ। उक्त फ्लैट पूर्णतः भार-मुक्त है: यह किसी भी बैंक, वित्तीय संस्था या व्यक्ति के पास बंधक या गिरवी नहीं है, इस पर कोई ऋण, भार, धारणाधिकार (लियन) या कुर्की नहीं है, इसके संबंध में किसी भी न्यायालय में कोई वाद या विवाद लंबित नहीं है, और वर्तमान क्रेता के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति से इसके विक्रय या हस्तांतरण का कोई अनुबंध नहीं किया गया है। प्रार्थी उक्त सम्पत्ति का विक्रय कर रहा है। क्रेता भारतीय स्टेट बैंक, हरिद्वार से लोन ले रहे हैंय लोन पूर्ण चुकता होने की अवधि तक उक्त सम्पत्ति भारतीय स्टेट बैंक में बंधक रहेगी।
प्रार्थी **गोपाल शंकर पांडे**
मो.- 9179901279
3085

सूडोकु नवताल- 7956

सरल

		6	4		5	8		
9				1				7
6	5			4			7	1
	4						2	
1	2			6			9	8
3				8				9
		8	6		9	5		


Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7955 का हल


2	4	5	6	9	8	1	7	3
1	7	6	4	3	5	8	2	9
3	8	9	1	2	7	6	5	4
9	1	7	3	6	2	4	8	5
5	6	3	8	7	4	9	1	2
4	2	8	5	1	9	3	6	7
7	3	1	9	5	6	2	4	8
8	9	2	7	4	1	5	3	6
6	5	4	2	8	3	7	9	1

काकुरो पहेली - 7629




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




काकुरो - 7628 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 9037



बाएँ से दाएँ

1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
9. धावक (अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पाँव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. निवास-3
24. बेकार, आवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

ऊपर से नीचे


1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ, रास्ता, मार्ग-2

शब्द पहेली -9036 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7468



ऊपर से नीचेः-

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

बायें से दायें:-

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, खीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, खीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 7467

गु	रू		खा	मो	शी		आ	स	श
रू		फ	न		बा	द	शा	ह	
दे	वी		दा	ग		स्त		र	न
व	र	दा	न		म	क	ड़ी		ती
	ता			फॉ	सी			श	जा
आ		स	जा		ह्म	र	जी	त	
शि	का	र		आ		क्ष		औ	
क		ग	ब	न		क	ह	र	
	धू	म		बा	जी			दि	ल
पा	प		जी	न	त		डॉ	न	

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग - 7562

7	6		1			2
	33	2	28	5	30	
4		3				7
	36		33	6	23	1
	6		4		2	
	36	6	33	3	31	
3	2			7		5

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों और के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7561 का हल

5	6	7	4	1	2	3
1	33	2	30	5	27	6
4	5	3	6	2	1	7
2	36	4	31	6	26	1
7	6	5	1	4	3	2
6	36	6	31	3	34	4
3	2	1	4	7	6	5

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8582

ग	हु	मे	रि	सो	म	ना	थ	च	ट	र्जी	
णे	खु	कु	प	इं	जी	ने	शि	या	ड़	नी	
श	पी	जा	म	र	ग	बा	द	ह	प	ल	
मा	ग	ए	पा	सिं	दू	स	ल	ह	लि	म	
व	र	अ	सं	न	ह	ला	कि	यो	प	सं	
ल	इ	वि	मो	ग	प	वा	शी	ह	गी	जी	
न	जी	ल	रा	व	मा	जो	न	व	प	व	
क	रि	भा	र	य	र	स	रा	ल	वि	रे	
र	या	बा	तें	ह	न	ज	जी	शा	जू	ड्डी	
र	ग	ल	नो	शि	व	रा	ज	पा	टि	ल	
बां	स	म	प	ब	लि	रा	म	भ	ग	त	

शब्द जाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हो सकते हैं.

गणेश मावलनकर, हुकुम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवि राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी

शब्दजाल - 8581 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore